# निर्धारित लक्ष्यों को समय से करें पूरा-डीएम

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में उद्यान विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह ने जनपद के आधारभूत आंकड़ों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 1727 वर्ग किलोमीटर है। जनपद में 4 तहस. ीलें, 9 विकास खण्ड एवं 645 ग्राम सभाएं हैं तथा सकल सिंचित क्षेत्रफल 114.689 हजार हेक्टेयर है। जनपद में 1720 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फल उत्पादन 17,020 मीट्रिक टन, 2691 हेक्टेयर क्षेत्रफल में शाकभाजी उत्पादन 54,170 मीट्रिक टन तथा 300 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू उत्पादन 7,220 मीट्रिक टन है। जनपद में दो शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भण्डारण क्षमता 14,163.92 मीट्रिक टन है। जनपद में कुल 2,72,151 कृषक हैं, जिनमें से 2,56,721 कृषक पंजीकृत हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत निर्धारित 3334 भौतिक लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई। इसके

## योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का दिये निर्देश



अतिरिक्त मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना, मखाना विकास योजना तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों हेतु संच. ालित औद्यानिक विकास योजना में भी भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की गई। पर ड्राप मोर क्राप-माइक्रो इरीगेशन योजना के अंतर्गत 306.47 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप, पोर्टेबल एवं मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियां स्थापित कराई गईं। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को बड़े किसानों का चिन्हांकन कर उन्हें उद्यान विभाग की योजनाओं से जोड़ने तथा किसानों के समूह बनाकर योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिक. ारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। मुख्य विकास अधिक. ारी ध्रुव खाड़िया ने कहा कि ब्लाकवार ग्राम पंचायतों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे आधुनिक बाग. वानी तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका समुचित लाभ उठा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर किसानों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण वर्मा, मंडी निरीक्षक अमित गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने एसपी के साथ की गोष्ठी

## सुरक्षा-व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये दिशा निर्देश

मऊ। पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ पुलिस लाइन मऊ में आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक मऊ, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने त्योहारों के दौरान प्रमुख पूजा पंडालों, मंदि. रों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, नियमित पैदल गश्त एवं प्रभावी निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

# २४ घंटे बाद गोदाम घाट के पास मिला डूबे युवक का शव

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर तमसा नदी में छलांग लगाने वाले 19 वर्षीय आकाश गोंड का शव सोमवार को करीब 24 घंटे बाद बरामद हुआ। घटना स्थल से सात-आठ किलोमीटर दूर मुहम्मदाबाद गोहना और रानीपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित गोदाम घाट के पास दोपहर करीब 1.30 बजे शव उतराया मिला। युवक का शव मिलने की खबर से स्वजन में को. हराम मच गया। पट्टी गांव निवासी आकाश रविवार दोपहर करीब दो बजे कस्बे में तमसा नदी पर बने पुल से नदी में कूद गया था। इंटरमीडिएट और आईटीआई की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह गांव के पास गुमटी में चाय-पकौड़ी की दुकान चलाता था। स्वजन के अनुसार, घरेलू विवाद में डांट से क्षुब्ध होकर वह घर से निकला था। उसके बड़े भाई विशाल ने अपनी पत्नी की मौसी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। घटना की सूचना मिलते ही रविवार को कोतवाल केके वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय नाविकों और गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई गई। देर शाम तक उसका पता नहीं चलने पर सोमवार को भी तलाश अभियान जारी रखा गया। करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद गोदाम घाट के पास उसका शव बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अभी तक स्वजन की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कारवाई की जाएगी।

# कोतवाली प्रभारी ने चौकीदारों के साथ की बैठक,दिये निर्देश

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली परिसर में सोमवार दोपहर कोतवाली के समस्त चौकीदारों की एक विशेष बैठक नवरात्रि रामलीला दशहरा पूजा को लेकर आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा ने समस्त चौकीदारों से अपील किया कि अपने-अपने क्षेत्र में पर्व को देखते हुए विशेष नजर रखें । किसी प्रकार की कोई सूचना मिलती है तो तत्काल कोतवाली के सरकारी नंबर पर सूचित करें । ताकि मौके पर पुलिसकर्मी जाकर उसे मामले का निस्तारण कारा सके । इसके अलावा किसी भी गोपनीय सूचना सरकारी नंबर पर सूचित करें । यही आपका विशेष कार्य है । इसके अलावा गांव में संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखें कौन व्यक्ति आ रहा है कौन जा रहा है । उस पर पैनी नजर रखी जाए,ताकि होने वाली घटना की सही जानकारी हो सके और मामले का निस्तारण भी तत्काल कराया जा सके । उन्होंने कहा कि चौकीदार ही हमारे नाक और कान है आप लोगों का यह उद्देश्य है कि पुलिस का बराबर सहयोग करें । इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मधुसूदन चौरसिया ,उप निरीक्षक रामदुलारे समेत लगभग दो दर्जन चौकीदार उपस्थित रहे।

# एसपी ने घोसी के संवेदनशील इलाकों का लिया जायजा

घोसी(मऊ)। पुलिस दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण व सुरक्षित कराने के लिए तैयार हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने घोसी कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी और प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय के साथ कस्बे के कई इलाकों में पैदल घूमे। उन्होंने बाजारा. ', भीड़भाड़ वाली जगहों और संवे. दनशील स्थानों की सुरक्षा जांची। लोगों के आने-जाने व शांति-व्यवस्था पर ध्यान दिया। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्गा पूजा पंडालों, रामलीला स्थलों



और भीड़भाड़ वाली जगहों पर खास नजर रखी जाए। अफवाह, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तुरंत कारवाई हो। पुलिस कर्मियों को लगातार क्षेत्र में घूमते रहने और कड़ी नजर रखने को कहा। त्योहारों के दौरान यातायात ठीक रखने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मुख्य रास्तों पर जाम न लगे, ताकि लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। संवे. दनशील स्थानों पर सतर्कता बरतने और इमरजेंसी से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में
उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पत्ति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब, खराब गुणवत्ता, कम शुक्राणु, अनियमित पीरियड, अण्डों में खराबी, निल शुक्राणु
सामान्य प्रसव, उच्च जोखिम प्रसव, नार्मल एवं आपरेशन से डिलेवरी, बच्चेदानी का आपरेशन, बच्चेदानी एवं आण्डेदानी में गाँठ एवं सिस्ट का आपरेशन, आई0यू0आई0 (IUI) की सुविधा भी उपलब्ध है।, आई0वी0एफ0 (IVF) की सुविधा भी उपलब्ध है।, बाँझपन का सफल इलाज
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
Senior Resident Medanta, Gurgaon, Kalawati Saran Hospital NICU Fellowship
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
सुविधा-
पी.आई.सी.यू, एन.आई.सी.यू, आक्सीजन की सुविधा, नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन, इनवेसिव वेंटिलेशन, सी.पी.ए.पी., प्रीटर्म डिलीवरी एवं हाई रिस्क डिलीवरी
9250206423, 8948943074
शिवम हास्पिटल
ब्रह्मस्थान, मऊ
सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रविवार पूरे दिन इमर्जेन्सी 24 घंटे
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुर, राज पैलेस के बगल में, मऊ
दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक
रविवार बन्दी
एक्सराडिजिटल
9565206444

# माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आदर्श ने मारी बाजी

मधुबन(मऊ)। जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा झंडारोहण के साथ ही 800 मीटर की सीनियर बालकों की दौड़ प्रतियोगिता से शहीद इंटर कालेज मधुबन मऊ में आरम्भ हुआ, विश्व में शांति का संदेश फैलाने के लिए मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने कबूतरों को आजाद कर उन्मुक्त गगन में उड़ने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान में ही नहीं है वरन खेल का मैदान भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग



है। जिससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठता तथा टीम भावना का विकास होता है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उपस्थित शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यगण को हार्दिक बधाई दी। मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के समन्वयक चंद्रप्रक. ाश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल एवं प्रधानाचार्य विक्रमादित्य चौहान ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। 800 मी सीनियर बालक की दौड़ प्रतियोगिता में दयानंद इंटर कालेज इटैली के आदर्श प्रथम स्थान एवं शहीद इंटर कालेज के छोटू चौहान द्वितीय स्थान पर तथा शहीद इंटर कालेज मधुबन के ही बब्बी चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा 100 मी, 200 मी, 400 मीटर, 1500 मी, 3000 मी, और 5000 मीटर के लिए दौड़ प्रतियोगिता, ऊंची कूद एवं लंबी कूद, भाला एवं गोला क्षेपण, डिस्कस थ्रो, ट्रिपल जंप आदि एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# सड़क दुर्घटना में एक जख्मी

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चुंगी के पास मरछू पुत्र सतीराम उम्र 55 वर्ष निवासी मुबारकपुर आजमगढ़ रविवार को सायं बाइक से मुहम्मदाबाद गोहना आ रहे थे कि चुंगी के निकट एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी । जिसे यह सड़क पर गिरकर घायल हो गए । आस-पास के लोगों ने इन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए । लेकिन गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

# डीएम ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस में एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने सोमवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस में प्रारंभ हुए एफएलसी (प्रथम स्तरीय जांच) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रति. निधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एफएलसी कार्य में लगे इंजीनियरों से पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एफएलसी से संबंधित विभिन्न चरणों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बीच भी प्रक्रिया की जानकारी साझा की। जिला. धिकारी ने संबंधित इंजीनियरों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि एफएलसी का समस्त कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एफएलसी कार्य के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी कार्य पूरी सावधानी के साथ पूर्ण किए जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार,अपर उप जिला अधिकारी सुनील कुमार भारती सहित अन्य अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसडीएम के भतीजे के निधन पर शोक

घोसी(मऊ)। घोसी के उपजिला. धिकारी अशोक कुमार सिंह के 15 वर्षीय भतीजे यश का दिल्ली स्थित संजय गांधी अस्पताल में निधन हो गया। यश पिछले कुछ समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। बताया गया कि उनके लकवाग्रस्त पिता का भी उसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। किशोर के निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ गई।यश के निधन पर घोसी तहसील सभागार में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा की संयुक्त अध्यक्षता उपजिलाधिकारी न्यायिक सत्य प्रकाश और तहसीलदार अनीश सिंह ने की। इस दौरान तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और अधिवक्ता संघ से जुड़े लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# नगर पालिका में छह मामले निबटे

मऊ। नगर पालिका परिषद, मऊ में अधिशासी अधिकारी/उप नगर आयुक्त डा. मणि भूषण तिवारी ने आगन्तुक आवेदकों द्वारा प्रेषित कुल 8 शिकायतों का अध्ययन करते हुये मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कर दिया। जबकि अन्य 2 शिकायतों को निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को भेज दिया है। आज की जनसुनवाई में सफाई विभाग से 2, जलकल विभाग से 4 एवं निर्माण विभाग से 2 शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। इस प्रकार आज की जनसुनवाई में पालिका को संयुक्त रूप से कुल 8 शिकायतें मिली हैं। अधिशासी अधिक. ारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनहित मामलों के प्रति पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से पालिका लक्ष्य के सापेक्ष सभी आगन्तुक शिकायतकर्ताओं को अविलम्ब राहत पहुंचाने में मदद करती है। उक्त जनसुनवाई में अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी, कर अधीक्षक जय कुमार, अवर अभियंता सिविल रमेश चन्द, अवर अभियंता जल पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, राजस्व निरीक्षक अमृता राय व बलराम पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय व जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय समेत सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# विधायक ने किसानों को फसल क्षति का दिया चेक

मधुबन(मऊ)। स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को किसानों के लिए आयोजित फसल क्षति मुआवजा योजना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से शुभारंभ किया गया। मधुबन तहसील में भी लाइव प्रसारण दिखाया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में मधुबन विधायक रामविलास चौहान मौजूद रहे। विधायक ने सां. केतिक रूप से 10 किसानों को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया और शेष किसानों का जल्द सर्वे कराकर सरकार की मंशा के अनुरूप मुआवजा दिलाने के लिए एसडीएम दीपक सिंह को निर्देशित किया। इसी क्रम में मधुबन तहसील सभागार में भी बड़ी स्क्रीन टीवी लगाकर लाइव प्रसारण दिखाया गया। विधायक राम. विलास चौहान ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद सांकेतिक रूप से बखरिया निवासी अमरेंद्र यादव, दुबा.



री निवासी दुर्गावती, गंगाजली देवी, धर्मपुर बिशनपुर निवासी मंगरु यादव, सर्वेश कुमार पाण्डेय, सिसवा निवासी विंध्याचल चौहान सहित 10 किसानों को फसल क्षति मुआवजे का चेक सौंपा।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

घोसी(मऊ)। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रविवार की रात्रि कोतवाली घोसी में मिशन शक्ति फेज-6.0 का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिक. ारी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र में भव्य पैदल मार्च निकालकर आमजनमानस, महिलाओं और युवतियों को सुरक्षा एवं अधिक. ारों के प्रति जागरूक किया। मार्च के दौरान बैनर और पोस्टर के माध्यम से महिला सुरक्षा, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और साइबर ठगी से बचाव की जानकारी दी गई।

## अवैध बंधे को हटाने के लिए किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टेट मिशन फार क्लीन गंगा के अंतर्गत एक जनपद एक नदी के तहत रतनपुरा ब्लाक में गाढ़ा व इटौरा ताल की जल निकासी हेतु खड़िया नाला ड्रेन 09.2की खुदाई हुआ है इस खड़िया ड्रेन में अवैध मछली मारने वाले बंधे डालकर पानी के बहाव को रोक दिया है। इसके करण क्षेत्र के 22 गांवों की धान की फसल की क्षति हो रही है और पानी का निकास नहीं होगा तो रवि की मुख्य फैसले गेहूं, जौ ,मटर, मसूर ,सरसों आदि की बुवाई भी समय से किसान नहीं कर पाएगा, तो किसानों की भारी आर्थिक क्षति होगी। प्रति. निधि मंडल ने पुलिस बल भेज कर अवैध बांधों को हटाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में लोकदल प्रदेश महामंत्री देव प्रकाश राय ,जिला लोक दल के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,भाजपा नेता अनिल सिंह, अजीत,विजय आदि किसान शामिल रहे।

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवती अचेत

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चलीसवा निवासी सरोज पुत्री रामसेवक उम्र 18 वर्ष सोमवार दोपहर में अज्ञात कारण से सल्फास का सेवन कर लिया। परिजन को जानकारी मिलते ही इसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले आए । जहां इसकी हालत खतरे से बाहर है।

## मुकुट पूजन के साथ रामलीला मंचन शुरू

अमिला (मऊ)। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को श्री ठाकुर द्वारा रामलीला समिति अमिला के तत्वावधान में रामलीला मंचन का शुभारंभ विधिविधान से मुकुट पूजन के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने नारद मोह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला मैदान पहुंचे।

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुर, राज पैलेस के बगल में, मऊ
दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक
रविवार बन्दी
एक्सराडिजिटल
9565206444
SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी, एन्जिप्लास्टी, पर्मानेंट पेसमेकर (PPI), टेम्परेरी पेसमेकर (TPI), बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV), ट्रेडमिल टेस्ट, 2D इको, होल्टर मॉनिटर
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
शारदा नारायन अस्पताल हृदय रोग विभाग एवं कैथलैब की सभी सेवाएं आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध हैं
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101
लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपैडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ
विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986
बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नही कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला, WPC खिड़की पल्ला, WPC दरवाजा चौखट, WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com